दिन– बुधवार

दिनांक– 17 / 09 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.57 बजे से।

अवधि– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के सबसे बड़े स्वास्थ्य अभियान स्वस्थ नारी सशक्त परिवार की शुरुआत की। कहा – सशक्त महिलाओं से बनेगा शक्तिमान भारत।

02. पटना उच्च न्यायालय ने कांग्रेस पार्टी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी दिवंगत माता से जुड़े आपत्तिजनक एआई वीडियो को सोशल मीडिया प्लेटफार्म से तत्काल हटाने का दिया आदेश।

03. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर निबंधित कामगारों के खाते में वस्त्र सहायता योजना के तहत पांच–पांच हजार रुपये की राशि अंतरित की।

04. और, मानसून की सक्रियता से राज्य के विभिन्न भागों में जारी है मूसलाधार बारिश। खगड़िया में दो सौ उन्नीस और मानसी में एक सौ पचासी मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पचहत्तरवें जन्म दिवस के अवसर पर आज देश का सबसे बड़ा स्वास्थ्य अभियान शुरू किया गया है। प्रधानमंत्री ने मध्य प्रदेश के धार में आयोजित कार्यक्रम में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान और आठवें राष्ट्रीय पोषण महाअभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सभा को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि यह अभियान देश की समस्त माताओं और बहनों को समर्पित है। उन्होंने कहा कि हमारा मकसद है कि एक भी महिला जानकारी या संसाधनों के अभाव में बीमारी का शिकार न हों। प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित होते भारत में हमें मातृ मृत्यु दर और शिशु मृत्यु दर को जितना संभव हो सके कम करना ही है। दो अक्टूबर तक चलने वाले इस अभियान के तहत देशभर में एक लाख से अधिक स्वास्थ्य शिविर आयोजित किये जायेंगे। इधर, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए इस कार्यक्रम से जुड़े। पटना स्थित इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय मौजूद रहें।

---

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा है कि उनकी सरकार का पूरा फोकस माताओं–बहनों के सशक्तिकरण पर है। श्री मोदी ने कहा कि हमारी सरकार तीन करोड़ ग्रामीण बहनों को लखपति दीदी बनाने के अभियान में जुटी है।

———बाइट———

———————————————————————————

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने विश्वकर्मा पूजा के पावन अवसर पर आयोजित इस समारोह में सरकार के श्रमिक कल्याण कार्यों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि पीएम विश्वकर्मा योजना का सबसे बड़ा लाभ आज श्रमिक वर्ग को ही हो रहा है। श्री मोदी ने पिछली सरकारों पर श्रमिकों के हुनर को आगे नहीं बढ़ाने का भी आरोप लगाया।

———बाइट———

———————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज पचहत्तर वर्ष के हो गयें। श्री मोदी के पचहत्तरवें जन्मदिवस के अवसर पर आज पूरे देश में कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। बिहार भाजपा ने सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम की शुरूआत की है। इसके तहत पार्टी नेता और कार्यकर्ता रक्तदान शिविर, स्वच्छता अभियान, बीमारों और असहायों की सेवा समेत विभिन्न कल्याणकारी कार्यों में शामिल हुए। इसके साथ ही कई स्थानों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन और व्यक्तित्व पर केंद्रीत चित्र प्रदर्शनी और फिल्मों का प्रदर्शन भी किया जा रहा है। पटना में प्रदेश कार्यालय में सेवा पखवाड़ा के तहत सेवा शिविर लगाया गया। शिविर में भाजपा युवा मोर्चा के नेताओं ने रक्तदान किया। इधर, केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने पटना साहिब गुरुद्वारा में मत्था टेका और प्रधानमंत्री श्री मोदी के बेहतर स्वास्थ और उनके दीर्घायु होने की अरदास की।

———————————————————————————

प्रधानमंत्री श्री मोदी का जन्मदिन विभिन्न जिलों में भी उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने मजबूर और कमजोर लोगों की सेवा कर श्री मोदी के सेवा के संकल्प को और मजबूत बनाया। बक्सर के मां मुंडेश्वरी अस्पताल में केंद्रीय कोयला राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने केक काटकर प्रधानमंत्री का जन्मदिन मनाया। इस अवसर पर कार्यकर्ता ने अस्पताल में भर्ती मरीजों की सेवा भी की। अरवल जिला प्रशासन ने श्री मोदी के जन्मदिन पर स्वच्छता सेवा पर्व के तहत वृक्षारोपन अभियान चलाया। वहीं, भाजपा जिला अध्यक्ष धर्मेन्द्र तिवारी समेत कई कार्यकर्ताओं ने सदर अस्पताल में रक्तदान किया। इधर, समस्तीपुर में केंद्रीय मंत्री रामनाथ ठाकुर ने सदर अस्पताल में एनडीए कार्यकर्ताओं संग प्रधानमंत्री का जन्मदिन मनाया। किशनगंज

जिला भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं ने छोटे बच्चों के साथ केक काटकर प्रधानमंत्री का जन्मदिन मनाया।

---

राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा समेत अनेक गणमान्य लोगों ने प्रधानमंत्री श्री मोदी को उनके जन्मदिन पर बधाई दी है। उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने प्रधानमंत्री को बधाई देते हुए कहा कि भारत के निर्माण में उनका बड़ा योगदान है। उन्होंने उनके दीर्घायु होने की कामना भी की।

———बाइट———

जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष और सांसद संजय झा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी पूरी ऊर्जा के साथ ऐसे ही लोगों के कल्याण के लिए काम करते रहें, यहि कामना है।

———बाइट———

भाजपा के वरिष्ठ नेता सैयद शाहनवाज हुसैन ने इस अवसर पर दिल्ली में हजरत निजामुद्दीन औलिया की दरगाह पर चादर चढ़ाई और प्रधानमंत्री की लंबी उम्र की दुआ की।

———बाइट———

---

पटना उच्च न्यायालय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी दिवंगत माता को लेकर सोशल मीडिया पर जारी आपत्तिजनक एआई वीडियो को सभी सोशल मीडिया प्लेटफार्म से तुरंत हटाने का आदेश दिया है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश पी.बी. बजनथरी और न्यायमूर्ति आलोक कुमार सिन्हा की पीठ ने अपने आदेश में कहा कि ये वीडियो किसी नागरिक के मौलिक अधिकारों का भी हनन करता है। केंद्र सरकार की ओर से अधिवक्ता रत्नेश कुशवाहा ने इस बारे में विस्तार से जानकारी दी।

———बाइट———

गौरतलब है कि ये वीडियो बिहार कांग्रेस के एक्स हैंडल पर पिछले ग्यारह सितम्बर को पोस्ट किया गया था। इधर, कोर्ट के निर्णय पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा कि इंडी गठबंधन के नेताओं को सबक सीखने की जरूरत है।

———बाइट———

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज श्रम संसाधन विभाग से निबंधित सभी कामगारों के खाते में वस्त्र सहायता योजना के तहत पांच–पांच हजार रुपए की राशि डीबीटी के माध्यम से अंतरित की। प्रदेश में पहली बार यह योजना लागू की गयी है। योजना के तहत सोलह लाख चार हजार नौ सौ उनतीस श्रमिकों के खाते में आठ सौ दो करोड़ रुपये से अधिक की राशि भेजी गयी। इस अवसर पर श्री कुमार ने मुख्यमंत्री प्रतिज्ञा योजना – एमपीवाई के वेब पोर्टल का भी शुभारंभ किया। विभिन्न जिला मुख्यालयों में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित लाभार्थी वेब कास्टिंग के माध्यम से इस कार्यक्रम से जुड़े रहे।

---

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह राज्य के दो दिवसीय दौरे पर आज रात्रि पटना पहुंच रहे हैं। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने बताया कि केंद्रीय मंत्री श्री शाह कल डेहरी और बेगूसराय में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगे। इस दौरान संगठन की मजबूती और आगामी विधानसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन दलों के साथ समन्वय के विभिन्न बिंदुओं पर विचार–विमर्श किया जाएगा।

———बाइट———

---

मानसून की अति सक्रियता के कारण प्रदेश के विभिन्न भागों में भारी से अति भारी बारिश दर्ज की गयी है। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के अनुसार अगले चौबीस घंटों के दौरान कैमूर, रोहतास, बक्सर और औरंगाबाद जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की संभावना है।

———बाइट———

पिछले चौबीस घंटों के दौरान खगड़िया में सबसे अधिक दो सौ उन्नीस मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई। वहीं, मानसी में एक सौ पचासी दशमलव दो और डुमरांव में एक सौ अड़तीस दशमलव छह मिलीमीटर बारिश हुई है।

---

सृष्टि के प्रथम वास्तुकार भगवान विश्वकर्मा की आज श्रद्धापूर्वक पूजा–अर्चना की जा रही है। भगवान विश्वकर्मा को निर्माण तथा सृजन का देवता माना जाता है। इस अवसर पर प्रदेश भर के इंजीनियरिंग प्रतिष्ठानों में पूजा का आयोजन किया जा रहा है।

कारखानों, वर्कशॉप और गैराजों में भी पूजा की जा रही है। आकाशवाणी, पटना के अभियंत्रण विभाग में भी विश्वकर्मा पूजा का आयोजन किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्वकर्मा पूजा पर लोगों को बधाई दी है। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और श्रम संसाधन विभाग के मंत्री संतोष कुमार सिंह ने लोगों को इस अवसर पर बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

---

प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की आज दूसरी वर्षगांठ है। इस अवसर पर बोधगया में आज से दो दिवसीय पीएम विश्वकर्मा और एससी–एसटी हब महासम्मेलन शुरू हो गया। केंद्रीय सुक्ष्म लघु और मध्यम उद्यम मंत्री जीतन राम मांझी और मंत्रालय में उनकी सहयोगी राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे ने महासम्मेलन का उद्घाटन किया।

---

केंद्रीय संचार ब्यूरो की पटना इकाई की ओर से नवादा के आईटीआई परिसर में विकसित भारत का अमृत काल सेवा सुशासन, गरीब कल्याण के ग्यारह साल विषय पर तीन दिवसीय चित्र प्रदर्शनी सह जागरूकता अभियान की आज शुरूआत हुयी।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के सबसे बड़े स्वास्थ्य अभियान, स्वस्थ नारी सशक्त परिवार की शुरुआत की। कहा – सशक्त महिलाओं से बनेगा शक्तिमान भारत।

02. पटना उच्च न्यायालय ने कांग्रेस पार्टी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी दिवंगत माता से जुड़े आपत्तिजनक एआई वीडियो को सोशल मीडिया प्लेटफार्म से तत्काल हटाने का दिया आदेश।

03. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर निबंधित कामगारों के खाते में वस्त्र सहायता योजना के तहत पांच–पांच हजार रुपये की राशि अंतरित की।

04. और, मानसून की सक्रियता से राज्य के विभिन्न भागों में जारी है मूसलाधार बारिश। खगड़िया में दो सौ उन्नीस और मानसी में एक सौ पचासी मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।